# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली के प्रमुख स

- बोला प्रधान, रिपोर्ट नहीं लि
- पैचवर्क में झोल, सड़क पर
- हरेला महोत्सव: धरा पर उ

बरेली , सोमवार, 4 अगस्त 2025

PAGE NO.4 : MIDDLE


# सूफी स्कोर कार्यक्रम में झूम उठे श्रोता

कार्यालय संवाददाता, बरेली



रिद्धिमा में सूफी स्कोर कार्यक्रम में गायन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम गायन वादन के साथ सूफी स्कोर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वादन गुरुओं सूर्यकांत चौधरी , सूरज पांडेय, अमरनाथ , अनुग्रह सिंह , विशेष सिंह, प्रयाग श्रीवास्तव , ऋषभ आशीष पाठक, रॉनी फिलिप्स और अभिनव ने वाद्ययंत्रों के मधुर स्वर बिखेरे। गायन गुरु प्रियंका ग्वाल ने फिल्म हीरो के गाने लंबी जुदाई को अपनी आवाज में प्रस्तुत किया।

गायन विद्यार्थियों में शालिनी पांडेय, अंशुमा अग्रवाल, स्वरित तिवारी, सोनम गुआल ने गीत तुम्हें दिल लगी भूल जानी पड़ेगी को आवाज दी। गुरु प्रियंका ग्वाल ने गीत जबसे तूने मुझे दीवाना और सजदा तेरा सजदा को अपने स्वरों में पिरोया।

अंशुमा अग्रवाल ने गीत चौदवीं सब को कहा को स्वर दिए। इंदू परडल ने मेरे रश्क ए कमर को गायक श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति,आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, गुरु मेहरोत्रा, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.अनुज सक्सेना, डा.शैलेश सक्सेना, डा.रीटा शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।